तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 15 अगस्त 2024





06 वेतन के लिए कर्मचारियों ने खोला मोर्चा प्लेसमेंट का ठेका निरस्त करने की मांग




**खबर संक्षेप**

### जमीन के नाम पर लाखों की ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** फर्जी दानपत्र बनाकर महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ धारा 42 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम सोनेसरार निवासी ललिता सेन ने शिकायत किया है कि केवल पटेल, नटराज पटेल, संजय तिवारी, महेश पटेल के द्वारा मकान जमीन का फर्जी रजिस्ट्री कर बैंक से लोन की राशि निकलवा कर फर्जी दान पत्र बनाकर ठगी किया। दो आरोपी सोनसरार और अन्य बेमेतरा के रहने वाले है। ललिता सेन का पति नाई का काम करता है। 19 फरवरी 2022 को दीपक नगर दुर्ग का मकान पिता नारायन सेन के नाम पर था। उस तीन मंजिला मकान को पिता ने पीड़िता के नाम पर रजिस्ट्री कर दान पत्र किया था। जिसका खसरा 122/201 रकबा लगभग 560 वर्ग फिट जमीन मकान मेरे नाम पर हो गया था। जिसकी जानकारी गांव के युवक केवल पटेल, नटराज पटेल को होने पर वर्ष 2022 मे दोनों बाप बेटा झांसा दिया। आरोपियों ने पीड़िता को तीन मंजिला मकान को बेचकर गांव मे मुख्यमंत्री आबादी पट्टा जिसका खनं 616/74 रकबा 1342 वर्ग फिट मे बना मकान को 12 लाख रुपए मे खरीदने बोला। जिसे लेकर धमधा से 20 रूपये के स्टाम्प पेपर मे इकरारनामा भी कराया गया।पीड़िता के नाम पर छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक खाता का चेक में 4-4 लाख रूपये कुल 12 लाख रूपये का चेक में हस्ताक्षर करा कर नटराज ले लिया। वर्ष 2022 मे दुर्ग का तीन मंजिला मकान जो करीब 50-60 लाख रूपये का था। उसे नटराज पटेल के द्वारा विमल पटेल निवासी ग्राम हरदी थाना नंदनी निवासी को 15 लाख रूपये में बेचने का सौदा तय किया। इस तरह आरोपी संजय तिवारी, केवल पटले, नटराज पटेल,महेश पटेल ने महिला को ठगी का शिकार बनाया है।

# स्वतंत्रता दिवस पर ट्विनसिटी में जगह-जगह लहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वतंत्रता दिवस के मौके पर ट्विनसिटी में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जगह-जगह ध्वजारोहरण होगा। शैक्षणिक संस्थाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति बच्चे देंगे। वैशाली नगर विधानसभा में कई जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हैं। यहां के विधायक रिकेश सेन ध्वजारोहण करेंगे। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधायक ललित चंद्राकर कई जगह आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और ध्वज फहराएंगे। **भिलाई निगम** के सभी जोन कार्यालय में सुबह 7:30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष द्वारा, ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य कार्यालय में सुबह 8 बजे महापौर नीरप पाल द्वारा , यूनियन कार्यालय में 8:30 बजे, नेहरू नगर चौक पर 9:30 को कुर्सी पर गौतम नगर में 10 बजे शाहिद उद्यान सेक्टर 5 में 10.30 को सेक्टर ध्वजारोहण विधायक वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, एमआईसी सदस्य, पार्षद गणों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमा में उपस्थित रहेगी। **दुर्ग में मंत्री केदार कश्यप करेंगे ध्वजारोहण:** पुलिस परेड ग्राउंड दुर्ग में सहकारिया मंत्री केदार कश्यप ध्वजारोहण करेंगे व परेड की सलामी लेंगे। हर्ष फायर और मार्च पास्ट भी होगा।

## वैशालीनगर में विधायक रिकेश व निगम में मेयर करेंगे ध्वजारोहण

### रिसाली निगम में मेयर करेंगी ध्वजारोहण

रिसाली नगर निगम में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण होगा। मेयर शशि सिन्हा ध्वजारोहण करेंगे। इस मौके पर एसएलआरएम सेंटर की महिला सफाई कर्मियों को ब्रांड एम्बेसेडर सोनाली चक्रवर्ती व्यक्तिगत तौर पर सम्मानित करेंगी।



### कलरफुल लाइट उदघ्राटित

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर मौर्या टॉकीज से लेकर सुपेला परदेसी चौक रामनगर बघवा मंदिर तक कलरफुल विद्युत पोल लाइट का उद्घाटन किया गया। महापौर नीरज पाल, एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, जोन दो के अध्यक्ष रामानंद मौर्या, जोन 5 के अध्यक्ष राजेश चौधरी, एवं पाषर्दगारों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# पहले चरण में ही इंजीनियरिंग कॉलेजों की सभी सीटें आवंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए चल रही काउंसलिंग के तहत बुधवार को प्रथम चरण की सीटों का आवंटन जारी हो गया। एडमिशन में इस साल भी भिलाई के इंजीनियरिंग कॉलेजों की सर्वाधिक सीटें फुल हो गई है। काउंसलिंग के पहले चरण में ही सीएसवीटीयू की पूरी सीटें पैक हो गई। भिलाई के रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज की कुल 1,458 सीटों में से सभी 1,458 सीटें अलॉट हो गई है। प्रदेश के तीनों गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेजों के बाद निजी कॉलेजों में भिलाई का रूंगटा आर-1 कॉलेज पहला संस्थान बन गया है, जिसमें शत-प्रतिशत सीटों का आवंटन हुआ है। बीआईटी दुर्ग की 645 सीटों में से 643 सीटें आवंटित हुई है। यहां सिर्फ दो सीटें रिक्त बची है। वहीं श्री शंकराचार्य कॉलेज भिलाई की 1221 सीटों में से 696 सीटें अलॉट की गई। इसी तरह एसएसआईपीएमटी रायपुर की 590 सीटों में से 539 अलॉटमेंट हुए।



सीएसवीटीयू और तीनों जीईसी भी हुए फुल

### तीनों जीईसी, सीएसवीटीयू फुल

तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू अपने बीटेक कोर्स की 124 सीटों के साथ काउंसलिंग में शामिल हुआ था। जिसकी सभी सीटें अलॉट हो गई हैं। बिलासपुर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज की कुल 273, रायपुर जीईसी में 294 और जगदलपुर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज की सभी 282 सीटें भी आवंटित की गई है। यहां फिलहाल एक भी सीट रिक्त नहीं है।

### अब कॉलेज पहुंचकर लेंगे प्रवेश

प्रथम चरण के सीट आवंटन में जिन विद्यार्थियों को सीट अलॉट कर दी गई हैं, अब उन्हें 16 से 21 अगस्त के बीच कॉलेज पहुंचकर दस्तावेज सत्यापित कराने होंगे। इसी दौरान उन्हें शुल्क का भुगतान कर एडमिशन पक्का करना होगा। तय तिथि में दाखिले नहीं लेने पर सीट अलॉटमेंट स्वतः निरस्त माना जाएगा।

### प्रथम चरण में ही आवेदन ज्यादा

इस बार पहले राउंड की काउंसलिंग के लिए इंजीनियरिंग में 5,856 आवेदन आए। इसी तरह बीटेक लेटरल के लिए 672 विद्यार्थियों ने आवेदन किया। मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन यानी एमबीए के लिए 770 ने फार्म भरा। डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग एंड आर्किटेक्चर कोर्स के लिए मात्र 542 आवेदन ही जमा हो पाए। लेटरल एंट्री के 171 आवेदन ऑनलाइन जमा हुए।

### दो चरणों में मुख्य काउंसलिंग

काउंसलिंग दो चरण में 15 सितंबर तक जारी रहेगी। काउंसलिंग के दो प्रमुख चरण होंगे। दोनों चरण समाप्त होने के बाद छात्रों को संस्थावार काउंसलिंग (आईएल) के जरिए प्रवेश दिया जा सकेगा।

### दस्तावेज सत्यापन डीवीसी के नियम बदले

पहले तक जहां छात्रों को काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने के बाद दस्तावेजों का सत्यापन कराने डीवीसी सेंटर्स पर जाना होता है। यह व्यवस्था इस बार भी बंद ही रहेगी। कॉलेज अपने स्तर पर दस्तावेजों का सत्याप कराएंगे फिर विश्वविद्यालय नामांकन जारी करने से पहले दस्तावेजों का परीक्षण करेगा। यूजी और पीजी काउंसलिग की तारीखें अलग-अलग होगी। दस्तावेजों में किसी तरह की कमी होने पर विश्वविद्यालय नामांकन के पहले इसकी सूचना विद्यार्थियों एवं उनके कॉलेजों को दे सकता है। साथ ही छात्र का एडमिशन भी निरस्त किया जा सकेगा। किसी भी गैर मान्यता प्राप्त या यूजीसी से डिफॉल्ट विश्वविद्यालय, शिक्षा बोर्ड से स्कूलिंग करने वाले छात्र काउंसलिंग में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

### रविवार और अवकाश के दिनों में भी प्रवेश

तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने बताया कि काउंसलिंग में एक पाठ्यक्रम के लिए एक अभ्यर्थी से संबंधित मात्र एक ही आवेदन स्वीकार किया जा सकेगा। यदि कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन नहीं भर पाता है तो वह अभ्यर्थी सुविधा केंद्रों में जाकर अपने मूल दस्तावेज और फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ पहुंच अपना आवेदन जमा कर सकता है। काउंसलिंग के हर चरण में अभ्यर्थी को अलग से आवेदन करना होगा। यदि पूर्व चरण में अलॉट हुई सीट पर प्रवेश ले लिया गया है और दूसरे चरण के लिए आवेदन किया गया है तो पूर्व सीट निरस्त हो जाएगी। खास बात यह होगी कि रविवार और शासकीय अवकाश के दिन भी सुविधा केंद्र और कॉलेज खुले रहेंगे। अवकाश में भी प्रवेश दिए जा सकेंगे। समस्या आए तो विद्यार्थी 0771-2221376 पर कॉल कर सकते हैं। सुविधा केंद्र दुर्ग पालीटेक्निक कॉलेज रखा गया है।

### आबकारी टीम ने किया 96 नग देशी शराब जब्त

**भिलाई।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी से मिली जानकारी अनुसार 13 अगस्त को सुबह गश्त के दौरान आरोपी अंजू ढीमर पति नरेश ढीमर उम्र 46 वर्ष निवासी इंदिरापारा महामाया चौक रोड भिलाई 3 पुरानी भिलाई के कब्जे से एक जुट की बोरी में 96 नग पाव देशी मसाला जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा पुरानी भिलाई के कब्जे से एक जुट की बोरी में 96 नग पाव देशी मसाला जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त प्रकरण में आबकारी उप निरीक्षक प्रियंका ठाकुर, अनामिका टोप्पो, आबकारी आरक्षक देवप्रसाद पटेल का सहयोग रहा।

# 30 से ज्यादा विषयों का पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना का रिजल्ट नहीं, पूरक परीक्षा के लिए 20 तक मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हेमचंद यूनिवर्सिटी दुर्ग का रिजल्ट इस साल खराब रहा। इसकी वजह से ज्यादातर विद्यार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए यूनिवर्सिटी में आवेदन लगाया है। यूनिवर्सिटी की स्थिति यह है कि अब तक आधे विषयों के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना का रिजल्ट घोषित नहीं कर पाया है। वहीं इन विद्यार्थियों से जुड़े एक और फरमान में उनकी मुश्किलें बढ़ा दी है। यूनिवर्सिटी ने पूरक परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों से 8 अगस्त से आवेदन जमा ले रहे हैं और 20 अगस्त तक पोर्टल में आवेदन करने का अंतिम मौका दिया है। बिना रिजल्ट के विद्यार्थियों को कैसे पता चल पाएगा कि वे उत्तीर्ण हुए हैं या पूरक के दायरे में आए हैं।



### 30 से ज्यादा विषयों का रिजल्ट घोषित नहीं

हेमचंद यूनिवर्सिटी ने वर्ष2023- 2024 शैक्षणिक सत्र में 57 सेमेस्टर के 68 विषयों की परीक्षाएं ली है। इन परीक्षाओं में सभी विषयों में विद्यार्थियों ने अपने रिजल्ट के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए यूनिवर्सिटी में पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन लगाए हैं । खासकर प्रथम वर्ष बीए, बीएससी और बीकाम का रिजल्ट पर विद्यार्थियों ने ज्यादा आवेदन लगाए हैं। साइंस द्वितीय वर्ष के केमेस्ट्री, बॉयोलॉजी और जूलॉजी विषयों में भी विद्यार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन लगाए हैं। इन विषयों सहित 30 से ज्यादा विषयों के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के रिजल्ट यूनिवर्सिटी ने घोषित नहीं किए हैं।

### यूनिवर्सिटी में भटक रहे हैं विद्यार्थी

पोर्टल में 20 अगस्त तक पूरक परीक्षा के आवेदन की घोषणा होने के बाद विद्यार्थी यूनिवर्सिटी का चक्कर काट रहे हैं। वे पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के रिजल्ट की जानकारी लेने रोजाना पहुंच रहे हैं। प्रभावित विद्यार्थियों ने बताया कि वार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन में कई विद्यार्थियों को शून्य नंबर दिया गया है। इसकी शिकायत की गई तो पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने कहा गया। भारी-भरकम शुल्क लेने के बाद रिजल्ट नहीं देने से आगे की पढ़ाई पर असर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी की लापरवाही से विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है।

### पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना में देरी से मुश्किलें बढ़ी

हेमचंद यूनिवर्सिटी अब तक पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के रिजल्ट घोषित नहीं करने से विद्यार्थियों की मुश्किलें बढ़ गई है। इसलिए कि यूनिवर्सिटी ने 20 अगस्त तक पूरक परीक्षा के आवेदन करने के लिए पोर्टल में आवेदन करने कहा है। जब रिजल्ट नहीं निकला है तो वे इस तिथि तक कैसे अपना आवेदन कर सकेंगे। मसलन यदि किसी विद्यार्थी ने दो विषयों पर पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन किया है। एक विषय में यदि वह उत्तीर्ण हो गया तो उसे पूरक की पात्रता मिल जाएगी। लेकिन रिजल्ट ही नहीं हुआ है तो ऐसी स्थिति में कैसे वह पूरक परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकता है।

### 20 अगस्त पूरक आवेदन की अंतिम तिथि

पूरक परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से सम्पूर्ण शुल्क सहित परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथि 8 अगस्त से प्रारंभ हो चुकी है। अंतिम तिथि 20 अगस्त 2024 निर्धारित की गई है। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरते समय किसी भी प्रकार के समस्या हेतु 07314850140 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा ईमेल पर अपनी समस्या का निदान प्राप्त कर सकते हैं।

- राजमणी पटेल, उपकुलसचिव डीयू

### प्रवेश के लिए 16 तक अंतिम मौका

उच्च शिक्षा विभाग को वर्ष 2024–25 (प्रथम सेमेस्टर हेतु) के अंतर्गत प्रवेश पोर्टल दोबारा खोलना पड़ा है। इसलिए के सरकारी कॉलेजों में 16 हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गई है। अब 16 अगस्त 2024 तक प्रवेश के लिए पोर्टल में आवेदन कर सकते हैं।

# पोल से टकराकर घायल संयंत्र कर्मी ने दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के भीतर सड़क किवनारे लगे पोल से टकरा जाने से कर्मी गंभीर रुप से घायल हो गया। जो उपचार के दौरान तम तोड़ दिया। मिली जानकारी के मुताबिक कर्मी का नाम रामजीत के रूप में शिनाख्त हुआ है। मृतक कर्मी एसएस शॉप में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। मृतक दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे वाली द्वितीय पाली में ड्यूटी कर रामजीत अपनी एक्टिवा से घर लौट रहा था। इस दौरान संयंत्र के भीतर से बाहर निकलते समय मुख्य सड़क के बगल में सर्विस लेन है। इसी लेन पर एक इन आउट की सूचना देने वाली होर्डिंग लगाई गई है। बगल से आठ फीट चौड़ी सड़क है। उसी सड़क से होते रामजीत निकलने के लिए आगे बढ़ा था। तभी पोल से टकरा गया और गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसके उपचार के लिए उसे सेक्टर 9 असप्ताल में भेजा गया। जहां कर्मी ने दम तोड़ दिया, संयंत्र के भीतर ही पहले कर्मी के बारे में सूचना मिलने पर मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। गंभीरता को देखते हुए सेक्टर 9 अस्पताल रेफर किया गया।



बीएसपी में जबसे बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था शुरू की गई है। यहां काफी अफरा-तफरी का माहौल होता है।








दुश्मन की गोलियों का सामना हम करेंगे,
आजाद है आजाद ही रहेंगे !
समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय महापर्व
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


LIONS CLUB BHILAI PINNACLE
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
L URMILA TAORI
President
L RASHMI GEDAM
Secretary
L NANDINI HIWASE
Tresurer


SRI SANKARA VIDYALAYA
SECTOR-X, BHILAI


प्रवेश हेतु संपर्क करें
कुछ ही सीटें शेष
अंतिम तिथि
16 अगस्त
भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के सम्मानित
पदाधिकारियों एवं प्राचार्या सहित
भिलाई महिला महाविद्यालय परिवार की तरफ से
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


LOVE MY INDIA
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता
अध्यक्ष, उद्योग चेम्बर भिलाई
छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स, भिलाई


स्वतंत्रता दिवस पर वीरांगत
सेनानियों को शत्-शत् नमन
KWALITY HANDLING COMPANY
(FLEET OWNER AND TRANSPORT CONTRACTOR)
A TRUSTED NAME IN THE LOGISTICS &
SUPPLY CHAIN BUSINESS
REGISTERED ADDRESS
KWALITY HOUSE
110/111, R.S.S. MARKET, POWER HOUSE, BUS STAND, BHILAI
490011 (CHHATTISGARH) Phone : 0788-2296459, 4030837


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
HOTEL AMIT PARK G.E.Road, Bhilai
HOTEL AMIT INTERNATIONAL
Services / Facilities
Best Luxury Hotel
3 Star Approved.
Air Conditioned Rooms.
Non Smoking Rooms.
Valet Parking.
Doctor On Call.
Travels Desk.
Complementry Service Aveleble.
Banquets for Meeting & Parties.
24x7 in Room Dining /
Lounding Service
All Major Credit cards aeccepted.
सुभाष प्रसाद साव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
HIMANSHU
SHIVA
ReSpectful Salute to Our INDIA
HIMANSHU BEVERAGE
PACKAGED DRINKING WATER
विजय अग्रवाल
अध्यक्ष-पेकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई
जिला महामंत्री-अ.भा.अग्रवाल महासभा दुर्ग (छ.ग.)
प्रदेश सचिव-लघु उद्योग भारती
समाजसेवी
82-A, Industrial Estate Bhilai, Dist.-Durg (C.G.)
0788 4017901, Mob.: 95222 01616, 93018 34059
E-mail : shivatech2000@rediffmail.com


समस्त देश एवं
प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
शमशेर सिद्दीकी
सचिव-जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई,
छाया पार्षद-वार्ड क्र. 11


स्व. अजीत जोगी जी
प्रथम मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मा. रेणु जोगी जी
अध्यक्ष ज.कां.छ. (जे)
मा. श्री अमीत अजीत जोगी जी
प्रदेश अध्यक्ष ज.कां.छ. (जे)
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
हल चलाता किसान
चुनाव चिन्ह
ज़हीर खान
जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
INTUC
स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक
भिलाई


भारत की आजादी के लिए
बलिदान देने वाले वीर शहीदों की
शहादत को कोटि कोटि नमन
HAPPY INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
देशवासियो को अनेक-अनेक
हार्दिक शुभकामनाएं...
विनीत - अनिल मेश्राम
प्रदेश अध्यक्ष-दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया
प्रदेश अध्यक्ष-अजा/अजजा अखिल भारतीय परिसंघ छ.ग. राज्य
कार्य. प्रांताध्यक्ष 'अजाक्स' छत्तीसगढ़


15 August
Happy Independence Day


ISO 9001 : 2015
SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS
Happy 78th INDEPENDENCE DAY
आज़ादी का अमृत महोत्सव
SHARDA SHAKUNTALA VIDYALAYA
RAMNAGAR | VAISHALI NAGAR | RISALI SECTOR BHILAI, DURG (C.G.)
Sanjay Ojha
Director
Deepak Advts.


समस्त नगरवासियों को
हर घर तिरंगा
स्वतंत्रता दिवस
की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं
शैलेन्द्र साहू
नेता प्रतिपक्ष
नगर निगम रिसाली
माया यादव
उप नेता प्रतिपक्ष
नगर निगम रिसाली
हरीश नायक
सचेतक
नगर निगम रिसाली
सुनंदा चंद्राकर
पार्षद
नगर निगम रिसाली
रमा साहू
पार्षद
नगर निगम रिसाली
गजेन्द्री कोठारी
पार्षद
नगर निगम रिसाली
ममता सिन्हा
पार्षद
नगर निगम रिसाली
सविता ढवस
पार्षद
नगर निगम रिसाली
शीला नारखड़े
पार्षद
नगर निगम रिसाली
मनीष यादव (बंटी)
पार्षद
नगर निगम रिसाली
धर्मेन्द्र भगत
पार्षद
नगर निगम रिसाली
विधि यादव
पार्षद
नगर निगम रिसाली
खिलेंद्र विक्की चंद्राकर
पार्षद
नगर निगम रिसाली
ओम प्रकाश
पार्षद
नगर निगम रिसाली
टीकम साहू
पार्षद
नगर निगम रिसाली


HAPPY INDEPENDENCE DAY
आओ झुक कर सलाम करे उनको,
जिनके हिस्से मे ये मुकाम आता है,
खुशनसीब होता है वो खून, जो देश के काम आता है।
जय हिन्द जय शहीद
RASTOGI COLLEGE OF NURSING BHILAI
MODEL TOWN, NEHRU NAGAR (E) BHILAI (C.G.)
Ph.: 93005 58900
RASTOGI COLLEGE OF NURSING RAJNANDGAON
G.E. ROAD, TEDESARA, DIST.-RAJNANDGAON (C.G.)
Ph.: 93002 52200
TEAM CREATIVE


स्वतंत्रता दिवस
15th AUGUST
की
हार्दिक शुभकामनाएं


KV GROUP
Happy INDEPENDENCE DAY
Life Guard
K.V. POLYTECH
PREFERRED MAKE OF BHILAI STEEL PLANT, SAIL
OUR UNIT: KANHAIYA STEEL INDUSTRIES
Head office 146B Light Industrial Bhilai chhattisgarh 490023
Contact us: +91 99930 52990


ARYA SHIKSHA SAMITI DURG - BHILAI
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
The Best Education for Your Children
MAHARSHI DAYANAND
ARYA HIGHER SECONDARY SCHOOL
ENGLISH MEDIUM CG BOARD
Mathpara, Durg, Ph.: 0788-2328089, 2325630
Gaya Nagar, Durg, Ph.: 0788-2357613
Kurud Road Kohka, Bhilai, Durg, Ph.: 0788-2295126
आधुनिक शिक्षा भी संस्कार भी


स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रतीक उमरे
पूर्व विशिष्ट पीर (एल्डरमेन) नगर निगम दुर्ग


एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
77
INDIA INDEPENDENCE DAY
Landline: 0788-4252222 Toll Free No.: 1800 309 1616
छ.ग. राज्य बिजली कंपनी की हेल्थ स्कीम के तहत् कैशलेस हेल्थ चेकअप
www.sparshbhilai.com
info@sparshbhilai.com
Deepak Advts.


15AUGUST
HAPPY Independence Day
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक


MGM SENIOR SECONDARY SCHOOL
SECTOR 6, BHILAI
MANAGED BY MAR GREGORIOUS ORTHODOX SYRIAN CHURCH, BHILAI, PH : 07882283849
Heartily wishes you all
HAPPY INDEPENDENCE DAY
15 AUGUST 2024
TEAM CREATIVE

## ग्राम पंचायत अण्डा

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

उमा देवी चंद्राकर
सरपंच

अमीत
उपसरपंच

रूपेश कुमार राजपूत
सचिव

पुकेश चंद्राकर
प्रदेश सचिव
छ.ग. किसान कांग्रेस

मनीष चंद्राकर
जनपद सदस्य

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

न पूछो जमाने को, क्या हमारी कहानी है
हमारी पहचान तो सिर्फ ये हैं
की हम सिर्फ हिंदुस्तानी हैं!

## ग्राम पंचायत समोदा

अनुज निषाद
उपसरपंच

श्रीमती कमला देवांगन
सचिव

लोकेश्वरी दिल्लीवार
रोजगार सहायक

श्रीमती भुनेश्वरी सुखनंदन देशमुख
सरपंच, ग्राम पंचायत समोदा

विनीत - ग्राम पंचायत समोदा

## ग्राम पंचायत आमटी

आश्रित ग्राम मासाभाट, विकासखंड
व तह. जिला दुर्ग (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

घनश्याम सिंह साहू
सरपंच

शोमन निर्मलकर
सचिव

जितेन्द्र कुमार साहू
उप सरपंच

कुमार पटेल, तारणी साहू, देवश्री पटेल, पुष्पा निषाद, अवध निषाद, देवेन्द्री पटेल, मोती लाल निषाद, विनोद कुमार साहू, सीमा साहू

जितेश्वरी साहू, सुरेश पटेल, श्याम बाई पटेल, लक्ष्मी चौधरी, उत्तानपद साहू, महेश्वर साहू, भावसिंग साहू, खेदिया साहू, अनुपा साहू

## ग्राम पंचायत कुथरेल

की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप चंद्राकर
पूर्व ज.प. सदस्य, दुर्ग

जयश्री प्रेरण चंद्राकर
सरपंच, ग्रा.पं. कुथरेल

लोमश (रिंकू) चनद्राकर
उसरपंच, ग्रा.पं. कुथरेल

महेंद्र साहू वार्ड न. 01 पंच, हेमलाल साहू वार्ड न. 02 पंच, भगवती देशमुख वार्ड न. 03 पंच, राजिम गोड़ वार्ड न. 04 पंच, सतीदेवी चंद्राकर वार्ड न. 05 पंच, खोमेश्वरी साहू वार्ड न. 06 पंच, दुलारी देवांगन वार्ड न. 07 पंच, द्रोपती बाई सेन वार्ड न. 09 पंच, साक्षीदेवी चंद्राकर वार्ड न. 10 पंच, रेवती चंद्राकर वार्ड न. 11 पंच

सरस्वती गजपाल वार्ड न. 12 पंच, डॉ. त्रैमेश्वर चंद्राकर वार्ड न. 13 पंच, संजू बाघमार वार्ड न. 14 पंच, राधे साहू वार्ड न. 15 पंच, नरेन्द्र दास मानिकपुरी वार्ड न. 16 पंच, लोकनाथ साहू वार्ड न. 17 पंच, दुलारी देवी चंद्राकर वार्ड न. 18 पंच, तुलसी देवांगन वार्ड न. 19 पंच, लोकेश चंद्राकर वार्ड न. 20 पंच, कमलनारायण साहू सचिव ग्राम कुथरेल

विनीत - ग्राम पंचायत कुथरेल, जिला दुर्ग 491221 (छत्तीसगढ़)

बेनू साहू

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

दे सलामी इस तिरंगे को, जिस से तेरी शान हैं,
सर हमेशा ऊंचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।

जितेन्द्र यादव
महामंत्री, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) दुर्ग जिला
पूर्व उपसरपंच, चंदखुरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत - खाँड़ा, रूदा जनपद पंचायत दुर्ग, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं

रोमन दिल्लीवार
सचिव

श्रीमति तेजेश्वरी देशमुख
रोजगार सहायक

श्रीमती हुल्ली बाई साहू
सरपंच

श्री प्रहलाद कुमार देशमुख
उपसरपंच

श्री नंदकुमार साहू
सरपंच प्रतिनिधि

पंचगण :- श्रीमती ललिता मरकाम, श्री लीलाधर निषाद, श्री तेजराम निषाद, श्रीमती रोहणी यादव, श्री बसंत कुमार यादव, श्रीमती रत्ना देशमुख, श्रीमती पुष्पा बाई यादव, श्री निर्मल प्रसाद देशमुख, श्री नन्दकुमार साहू, श्रीमती लोमिन देशमुख, श्री हेमन्त कुमार यादव, श्रीमती विद्या साहू, श्रीमती नंदा यादव, श्रीमती ताजेश्वरी यादव, श्री खिलेश्वर प्रसाद देशमुख (कम्प्यूटर आपरेटर), श्री मनोज कुमार यादव (भृत्य)

## ग्राम पंचायत जंजगिरी

की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती रेखा चतुर्वेदी
सरपंच

नेवेन्द्र यादव (सचिव)

श्री मुरलीधर ठाकुर
उपसरपंच

श्री अजय चतुर्वेदी
सरपंच प्रतिनिधि

पंचगण - श्री नंदलाल चतुर्वेदी, श्रीमती कमला साहू, श्रीमती रोशनी नेताम, श्री नंदकुमार मधुकर, श्रीमती सावित्री भारती, श्री राजेश यादव, श्रीमती खोमिन देशमुख, श्रीमती सुनीती मारकण्डे, श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती तामेश्वरी यादव, श्री राधेश्याम देशमुख, श्रीमती मंजू देशमुख, श्री जितेन्द्र कुमार देशमुख, श्रीमती नीरूबाई देशमुख, श्रीमती मंजू देशमुख, श्री कपिलदेव देशमुख, श्री योगेश्वर देशमुख, श्री रामा साहू, श्रीमती मेनका साहू

## कार्यालय ग्राम पंचायत - झोला जनपद पंचायत दुर्ग, विकासखण्ड व जिला - दुर्ग (छ.ग.)

वन्दे मातरम्

स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं

श्री घिरपाल देशलहरे
सरपंच

श्री जीवन लाल सिन्हा
उपसरपंच

राजकुमार देशमुख
सचिव

उग्रसेन देशमुख
रोज सहायक

पंचगण - श्री खेदूराम देशमुख, श्रीमती रेखा यादव, श्रीमती गायत्री निषाद, श्री कमलकिशोर बेलचंदन, श्री परसुराम पटेल, श्रीमती रेवती बाई निषाद, श्रीमती राधाबाई देशमुख, श्री अश्वनी कुमार अमृत, श्री गोकुल प्रसाद साहू, श्रीमती किरण देवी नेताम, श्रीमती पुनिता बाई साहू

मा. भूपेश बघेल
पूर्व मुख्यमंत्री

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं

मा. ताम्रध्वज साहू
पूर्व मंत्री

दीपिका चंद्राकर
जनपद सदस्य चंदखुरी

मनोज चंद्राकर
गोठान समिति अध्यक्ष, चंदखुरी

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं

भूपेन्द्र कुमार साहू
भाजयुमो
जिला कार्यकारिणी सदस्य दुर्ग

राजेन्द्र चंद्राकर (राजू)
अध्यक्ष
आत्मानंद शास. उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय चंदखुरी

## ग्राम पंचायत-अछोटी

दम निकले इस देश के खातिर, बस इतना अरमान है,
एक बार इस राह पे मरना, सौ जनमों के समान है।

की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

घनश्याम दिल्लीवार
सरपंच

युवराज निर्मलकर
उपसरपंच

युवराज साहू
सचिव

पंचगण:-
अमरोतिन बाई गोंड़, सरोज दिल्लीवार, खिलेन्द्र कुमार कोशे
सुरेखा देशमुख, चन्द्रकला, पेमन देशमुख, झमित, मेघनाथ, शंकरलाल
तामेश्वरी, घनश्याम, चोवाराम, महेश्वरी, अंजनी, अनिरूद्ध, लखनलाल
मीना बाई, दिप्ती देशमुख, अनुमति जोशी

यह दिन है अभियान का
भारत माता के मान का।

ललित चंद्राकर
विधायक

गिरीश साहू

स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं

चेतन साहू
युवा नेता भाजपा

नंदू निर्मलकर
अध्यक्ष
किसान मोर्चा भाजपा

रामाधीन पारकर
अध्यक्ष
शाला विकास समिति रसमड़ा

विनीत - समस्त भाजपा कार्यकर्तागण रसमड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा




# स्वतंत्रता दिवस की
## हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं


































## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने कोलिहापुरी में किया पौधारोपण

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने ग्राम कोलिहापुरी में पौधरोपण किया। आईएएस एम भार्गव, जिला पंचायत सीईओ शअश्विनी देवांगन, जनपद पंचायत अध्यक्ष रूपेश पाण्डेय ने भी अंत्योदय सर्व कल्याण समिति एवं स्वच्छ धरा पेयजल समिति के सदस्यों के साथ मिलकर सड़क डिवाइडर में झाड़ी वाले पौधे रोपित किए। समिति के कई सदस्य निजी व्यवसायी है। जिनमें से बलराम ने एक अनुकरणीय पहल समाज के सामने रखी है। जिसमें निजी व्यापारी यदि अपनी-अपनी दुकान के सामने के डिवाइडर में छोटे पौधे लगाए और उसकी देखरेख करें साल भर हरियाली रहेगी और एक आदर्श स्थिति निर्मित होगी। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री चौधरी ने ग्रामवासियों को पौधे लगाने एवं उनके रखरखाव हेतु पूर्ण प्रयास करने की अपील की।

### विधायक ने मंत्री से की मुलाकात



दुर्ग। प्रवास पर पहुँचे जल संसाधन, वन, सहकारिता व संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप से शहर विधायक गजेंद्र यादव ने सर्किट हाउस में भाजपा गमछा भेंट कर स्वागत किए। इस दौरान मंत्री कश्यप ने कार्यकर्त्ताओ से भेंट मुलाकात कर जिले की गतिविधियों की जानकारी ली।

### किसान संगठन करेंगे पुतला दहन

दुर्ग। स्वामीनाथन आयोग की अनुसंशा सी 2 लागत पर 50% लाभ जोड़कर कृषि उपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने, एमएसपी की कानूनी गारंटी प्रदान करने, न्याय योजना की अंतिम किश्त की राशि प्रदान करने, धान बेचने वाले किसानों को दी जाने वाली आदान राशि के बराबर सभी किसानों को आदान राशि प्रदान करने सहित राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के नेतृत्व में किसानों द्वारा 15 अगस्त 24 को दोपहर दुर्ग के गांधी पुतला के पास प्रदर्शन किया जाएगा।

## चुनाव का आगाज : विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु दिशा-निर्देश जारी

# निकाय चुनाव की कवायद शुरू नाम जोड़ने घर-घर करेंगे सर्वे

**भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किए दिशा निर्देश, अभियान में जुटा प्रशासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर द्वारा वीडियो कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। वीडियो कांफ्रेंस में समयबद्ध कार्यक्रमों संबंधित निर्देश दिए गए। बहरहाल इस निर्देश के बाद नगरीय निकाय चुनाव की आहट तेज हो गई है, वही प्रशासनिक कवायदे भी जोर पकडने लगी है।

उल्लेखनीय है कि, इसी साल के अंत नवंबर व दिसंबर में नगरीय निकाय चुनाव होने है। इसके पहले मतदात सूची में नाम जोडने की प्रक्रिया आगामी दिनों से शुरू हो जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अगस्त 2024 से 18 अक्टूबर 2024 तक बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे का कार्य किया जाएगा। 29 अक्टूबर 2024 को प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक कार्यालयीन दिवसों में सभी मतदान केंद्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। 9 नवंबर 2024 शनिवार, 10 नवंबर 2024 रविवार, 16 नवंबर 2024 शनिवार एवं 27 नवंबर 2024 रविवार के दिन भी दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। सतत अद्यतीकरण के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन के लिए कार्यालयीन दिवस में किसी भी दिन संबंधित तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।




### ऑनलॉइन में मिलेगी सुविधा, एप से मिलेगी मदद

पुनरीक्षण के समय प्राप्त दावे आपत्ति की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। सूची में आपत्ति होने पर संबंधित निर्वाचन सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन एवं स्थानांतरण के लिए मोबाइल में प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर अथवा **voters.eci.gov.in** पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते है।

### नए मतदाता सूची में नाम जोड़ सकेंगे

1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं तथा 1 अप्रैल 2024, 1 जुलाई 2024 एवं 1 अक्टूबर 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रारूप 7 में, मतदाता सूची की प्रविष्टियों में सुधार एवं स्थानांतरण के लिए प्रारूप 8 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान तथा मतदाता सूची से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर द्वारा दुर्ग जिले में स्थापित टोल फ्री नंबर 1950 में कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक की अवधि में संपर्क कर सकते है।

# कंपनी की मनमानी कलेक्टर से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

शराब दुकानों की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए करीब पौने दो सौ सिक्योरिटी गार्ड के साथ एसआईएस कंपनी द्वारा दगाबाजी कर दी गई हैं। कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन में कांटामारी कर अब तक लाखों रूपए वसूल लिया गया है। जबकि कर्मचारियों को वेतन की राशि कांटने की जानकारी तक नही दी जा रही है। आर्थिक हालातों से तंग आकर करीब पौने दो सौ कर्मचारियों ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से कंपनी की लिखित शिकायत की है।जानकारी अनुसार जिले में आबकारी विभाग के अधीन संचालित शराब दुकानों में सुरक्षा के लिए कंपनी (सिक्यारिटी एंड इंटेलीजेंस सर्विस) को ठेका दिया गया है। जिले में करीब 170 कर्मचारी तैनात है, जिनसे पूरे बारह घंटे काम लिया जा रहा है। शिकायत करने आए कर्मचारियों ने बताया कि हर माह ट्रैनिंग फीश के नाम पर प्रत्येक गार्ड से दो से चार हजार रूपए कांटकर वेतन जारी किया जा रहा है। जबकि कर्मचारियों ने किसी भी तरह की ट्रैनिंग ही नही ली है। पीडित सिध्दार्थ भारद्वाज ने बताया गया कि, उन्हें हर माह 10620 रूपए मिलना है। जिसमें पीएम व ईएसआई के आलावा दो से चार हजार कांटे जा रहे है। इस तरह कर्मचारियों को मुश्किल से 7980 रूपए ही मिल पा रहे हैं। यह मनमानी कंपनी द्वारा पिछले चार माह से किया जा रहा है। नाराज सिक्योरिटी गार्ड ने कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं। इस दौरान मनोज भारती, महेन्द्र सिंह अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीएसएमसीएल कंपनी ने लिखा था पत्र

कंपनी की इस मनमानी को लेकर विगत 19 जून 2024 को छग स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर ने पत्र लिखा था। जिसमें उन्होने अप्रैल और मई का वेतन जारी करने में देरी व पूरे माह के बजाय 26 दिन के वेतन देने पर आपत्ति जताई थी। यही नही ओव्हर टाइम कराने के बाद अतिरिक्त राशि नही देने पर नाराजगी जताई थी। कार्पोरेशन ने प्रत्येक तीन तारीख को उपस्थिति पत्रक के अनुसार हर माह दस तारीख को वेतन जारी किए जाने के निर्देश दिए थे।

# जिला परामर्शदात्री की बैठक में संगठनों ने गिनाई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ संगठनों ने समस्याओं का निराकरण करने रखी मांग



जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में विभिन्न शैक्षिक संगठनों के बीच जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक बुधवार को साक्षरता भवन में सम्पन्न हुई। जिसमे शालेय शिक्षक संघ के जिला प्रमुख चन्द्रशेखर तिवारी व प्रतिनिधिमंडल सहित अन्य संगठन शामिल हुए। संगठन ने डीईओ अरविंद मिश्रा का पूर्व में किये त्वरित निर्णयों की सराहना भी की। बैठक में प्रतिमाह वेतन महीने के अंत तक अनिवार्यतः जारी करने का निर्देश दिए गए। संशोधित शिक्षकों का चार माह का लंबित वेतन 16 तारीख तक वेतन भुगतान करने व अर्जित, मेडिकल अवकाश, चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल, उच्च शिक्षा की अनुमति लंबित नहीं रखा जाएगा। संविलियन के पूर्व का समस्त एरियस का जल्द भुगतान किया जाने की मांग की गई। सेवानिवृत्त, मृत्यु उपरांत देय सत्वों एवं उपादानों का भुगतान तत्काल करने का निर्देश जिलाशिक्षाधिकारी ने दिया। संविलियन के पूर्व जनपद, जिला पंचायत में जो ज्वाइन है, उसी आधार पर वरिष्ठता रखने की मांग और ऐसे आवेदक जिनके पास साक्ष्य है, उनके सुधार की बात कही गई। आत्मानंद स्कूल में प्रतिनियुक्ति में जो नहीं रहना चाहते उनसे आवेदन लेने व शिक्षकों तथा बच्चों की संख्या के आधार पर बीएड, डीएड छात्रों को पढ़ाने के लिए भेजा जाएगा। अति आवश्यक होने पर ही मौखिक निर्देश के तहत कार्य करवाए। शिक्षको से जुड़ी समस्याएं को हल, परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने, शाला का समय का पालन, प्रधान पाठक पदोन्नति प्रतीक्षा सूची से करने के लिए संगठन की ओर से गुलदस्ते देकर आभार व्यक्त किया गया। उक्त बैठक में शालेय शिक्षक संघ के जिला प्रमुख चन्द्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में तिलक सेन व योगेश वर्मा भी सम्मलित हुए।

# वेतन के लिए कर्मचारियों ने खोला मोर्चा प्लेसमेंट का ठेका निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ हर माह वेतन जारी होने में देरी से बढ़ा आक्रोश



नगरनिगम में सफाई कर्मचारियों को जुलाई माह का वेतन अब तक जारी नही किया गया है। जिससे नाराज कर्मचारियों ने निगम में जमकर प्रदर्शन किया। वही उन्होने आगामी दस दिन में सुनवाई नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वेतन के आलावा कर्मचारियो ने ठेका एंजेसी समाप्त करने व अन्य समस्याएं भी रखी।

निगम के भिन्न-भिन्न वार्डों में कार्यरत प्लेसमेंट, मिशन क्लीन सिटी वं नियमित सफाई कामगारों का वेतन प्रत्येक माह समाप्ति पश्चात अगले माह के 10 तारीख के भीतर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सफाई कार्य का वर्तमान ठेकेदार मेसर्स काल-मि-सर्विस का वेतन भुगतान विलंब से करने व भविष्य निधि का फंड का रिटर्न समय से दाखिल न करते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया। अनुबंध यथाशीघ्र निरस्त किया जाकर सफाई कार्य निगम प्रबंधन की देखरेख में किया जाए। ठेकेदार मेसर्स काल-मि-सर्विस का लेखा तकनीकी कारण से आपस में मर्ज नहीं होने पर वर्तमान ठेकेदार का कोई अधिकारी इस कार्य को देखने वाला नहीं होने पर सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की हैं। वर्तमान ठेकेदार मेसर्स काल-मि-सर्विस द्वारा अनुबंध के नियम शर्तों के गुत्ताविक किसी भी सफाई कर्मी को रेनकोट, जूता, ग्लब्स, एप्रोन, मास्क, हेडकवर (टोपी), ड्रेस, आदि कभी भी नहीं दिया गया। ठेकेदार मेसर्स काल-मि-सर्विस के नियोजित ठेकेदार का कोई भी अधिकारी ठेका मजदूरों के ईएसआईसी व भविष्य निधि फंड की समस्याओं के निराकरण के लिए दुर्ग निगम क्षेत्र में पदस्थ नहीं है। इसके आलावा निगम में कर्मचारियों के भोजन के लिए कैंटीन व प्रसूति के दौरान महिलाओं को वेतन जारी की मांग की गई हैं।

### एजेंसी के कर्मचारी नहीं करते सुनवाई

सफाई कामगार मजदूर संघ ने कहा कि, निगम ने जिस कंपनी को प्लेसमेंट में ठेका दिया है। वे यहां मौजूद नही रहते। उनके शिकायत करने पर रायपुर आने की बात कहते है। जिससे कर्मचारियो में आक्रोश है। कर्मचारियों ने बताया कि, 2019 के बाद से ठेका प्रारंभ हुआ हे, जबकि इसके पहले निगम के जरिए संचालन करने पर समय पर वेतन भुगतान होता था।

# नई दिल्ली से शहर के अनुभव को स्वतंत्रता दिवस में विशेष आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारत सरकार (रक्षा मंत्रालय) नई दिल्ली से कादंबरी नगर दुर्ग निवासी अनुभव तिवारी को स्वतंत्रता दिवस में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। गौरतलब है कि, भारत सरकार (रक्षा मंत्रालय) नई दिल्ली की ओर से विगत महिने एक भारत श्रेष्ठ भारत के विषय मे खुली प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें देश के अनेक राज्यों व प्रांतो के करीब 4500 प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे। इसमें दुर्ग शहर के कांदम्बरी नगर निवासी अनुभव (बीई सिविल) ने भी हिस्सा लिया था। भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिता में शामिल 249 मेरिट प्रतिभागियों की सूची जारी की गई है। इस सूची में श्री तिवारी 81 नंबर पर रहे, जिन्हे भारत सरकार (रक्षा मंत्रालय) नई दिल्ली की ओर से 15 अगस्त 2024 को लाल किले में आयोजित स्वततंत्रा दिवस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। अनुभव जनपद पंचायत दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत अजय कुमार तिवारी के पुत्र है, उनकी इस उपलब्धि पर जनपद पंचायत दुर्ग के कार्यालय परिवार एवं उनके बाम्हण समाज व अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा बधाई देते दी।

# शहर जिला कांग्रेस ने निकाली संविधान यात्रा राजीव भवन से विभिन्न वार्डों में गुजरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



